## एक नजर में

### छात्राओं को दिया मिट्टी से गणेशजी बनाने का प्रशिक्षण



**झाबुआ।** सृजन गतिविधि के तहत स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं कों मिट्टी से गणेशजी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण संस्था प्राचार्य सीमा त्रिवेदी के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षकाओं ने भी सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण प्रशिक्षक योगिता पांडे ने दिया। जिसमें छात्राओं ने काली मिट्टी से गणेशजी बनाकर गणेशोत्सव के प्रथम दिन अपने-अपने घरों पर स्थापना के साथ अंतिम दिन अनंत चर्तुदशी पर घरों पर ही पानी में विसर्जन करने हेतु संकल्प लिया। प्रशिक्षण में करीब 100 छात्राओं ने भाग लिया। संस्था प्राचार्य श्रीमती त्रिवेदी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत विद्यालय में मिट्टी से गणेशजी बनाने हेतु उक्त कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता कर काली मिट्टी से सुंदर गणेशजी बनाएं।

### मरीज की मौत में नकली डॉक्टर पर एफआईआर

इंदौर. बिना डिग्री और पंजीयन के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. जनसुनवाई में आरती पलवार और उनकी सास कुसुम पलवार ने शिकायत की थी कि प्रदीप पटेल नामक व्यक्ति ने इलाज के दौरान उनके पति श्याम पलवार की जान ले ली थी, मामले में जांच की जा रही है. सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि जांच दल की रिपोर्ट में यह सामने आया कि श्रीराम नगर मेन चौराहा, हवा बंगला स्थित पटेल मेडिकल एंड क्लिनिक का कोई वैधानिक पंजीयन नहीं है. प्रदीप पटेल के पास एलोपैथी चिकित्सा की कोई मान्यता प्राप्त डिग्री भी नहीं मिली. इसके बावजूद उसने एलोपैथी पद्धति से इलाज किया, जिसके बाद मरीज की मौत हो गई. रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### डेवलपर-सुपरवाइजर और ठेकेदार पर केस

इंदौर. शिव सिटी में हुए दर्दनाक हादसे में तीन मजदूरों की मौत के मामले में पुलिस ने अब डेवलपर और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. राजेंद्र नगर पुलिस ने डेवलपर ईशाक खान, सुपरवाइजर दिलीप गौड़ और ठेकेदार मुकेश राठौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. गौरतलब है कि 18 अगस्त को शिव सिटी में ड्रेनेज टैंक का निर्माण कार्य चल रहा था. इस दौरान मिट्‌टी खिसकने से दीवार धंस गई और मलबे में दबकर तीन मजदूरों की मौत हो गई. मृतकों में 35 वर्षीय टीटू उर्फ राजेश निवासी ग्वाला कॉलोनी, 20 वर्षयी गौतम राठौर निवासी द्वारकापुरी और 48 वर्षीय रामेश्वर पंवार निवासी कुंदन नगर शामिल थे. हादसे में 13 वर्षीय सोहन उर्फ साहिल नायक निवासी झूलेलाल नगर गंभीर रूप से घायल हो गया था. पुलिस का कहना है कि जांच में निर्माण कार्य में लापरवाही उजागर हुई है, जिसके आधार पर डेवलपर और संबंधित जिम्मेदारों पर केस दर्ज किया है, मामले में जांच की जा रही है.

### ग्रामीण हाट बाजार पर आरसेटी मार्ट का शुभारंभ

देपालपुर. ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) इंदौर द्वारा आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल आरसेटी मार्ट का शुभारंभ ग्रामीण हाट बाजार में किया गया. यह अभिनव पहल एसएलआरएम मध्यप्रदेश के सहयोग से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य आरसेटी प्रशिक्षुओं को स्थायी मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपने प्रशिक्षण से तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर सकें. शुभारंभ मुख्य अतिथि सुदीप दत्ता, अवर सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का माल्यार्पण कर स्वागत से हुआ. तत्पश्चात सिद्धार्थ जैन, आईएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजू एन. कोरी, महानिदेशक, एनएआर आरसेटी, बेंगलुरु, तथा सुरेंद्र शर्मा, उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, का स्वागत संस्थान निदेशक राजेश्वर सिंह द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि श्री दत्ता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आरसेटी मार्ट प्रशिक्षुओं को न केवल रोजगार का अवसर देगा, बल्कि उन्हें बाजार की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अपने उत्पादों की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण एवं विपणन की समझ भी प्रदान करेगा. संचालन वरिष्ठ संकाय सदस्य रूपा कौशल द्वारा किया गया. इस अवसर पर कार्यालय सहायक निशा वर्मा एवं अटेंडर विकास राठौर सहित संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

### देवी अहिल्या की पालकी यात्रा पर बरसाए फूल

महू. शहर में देवी अहिल्या बाई होलकर की 230वीं पुण्यतिथि पर अहिल्या उत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शहर में विशेष पालकी यात्रा निकाली गई. इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व लोग पालकी यात्रा में मौजूद रहे. पालकी यात्रा का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया. यात्रा में माता अहिल्या बाई के चित्र को पालकी में सजाया गया था. इस यात्रा की खास बात यह रही कि घोड़ों पर बच्चे विभिन्न वेश भूषा में नजर आए. स्कूली बच्चों के साथ स्काउट और स्कूल बैंड ने भी यात्रा में भाग लिया. शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इस यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. बड़ी संख्या में शहरवासी इस यात्रा में शामिल हुए. यात्रा के आयोजक शिव शर्मा थे. संयोजक की भूमिका अक्षत शर्मा ने निभाई. उमेश खंडेलवाल और दीपेश मित्तल सहित कई महिलाएं और पुरुष भी यात्रा में मौजूद रहे. यात्रा का समापन महू छावनी परिषद गर्ल्स स्कूल में स्थित अहिल्या प्रतिमा पर हुआ.

### मिट्टी के गणेश बनाने की लगाई वर्कशॉप

महू. इनरव्हील क्लब द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय भाटखेड़ी में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत मिट्टी के गणेश जी बनाने की वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर ऋचा ठाकर द्वारा गणेश जी के बारे में रोचक जानकारी दी गई. मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती सुनीता उपाध्याय द्वारा बच्चों को प्राणायाम सिखाया तथा कहानी के माध्यम से बच्चों को नैतिक मूल्य की जानकारी प्रदान की गई. क्लब सचिव मनीषा सोनी द्वारा इको फ्रेंडली गणेश जी बनाना सिखाया गया एवं तृप्ति मिश्रा द्वारा निशुल्क क्ले (मिट्टी) गणेश जी को बनाने के लिए प्रदान की गई. इस कार्यशाला में मंजू तिवारी का विशेष सहयोग रहा तथा रेखा पांडे और श्वेता भार्गव के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थिति रहा. विगत 10 वर्षों से शिक्षिका मंजू तिवारी द्वारा इको फ्रेंडली गणेश जी बनाने की कार्यशाला सरकारी विद्यालय में निरंतर जारी रखे हुए है.

### महू में नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत



महू. कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का तहसील महू विधानसभा के गांव-गांव में जगह-जगह स्वागत किया गया. जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया महू विधानसभा में गांव-गांव नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का स्वागत हुआ. सर्वप्रथम महू में मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण की उसके बाद ग्राम पलासिया पाटीदार परिसर में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए रूपरेखा बनाई. उसके बाद कोदरिया, पीपलखूंट केसरबयड़ी में स्वागत सम्मान हुआ. इस अवसर पर मुख्य रूप से विपिन वानखेड़े, रामलाल पाटीदार, राधेश्याम मुकाती, जीतू ठाकुर, विजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश पटेल, रतनलाल पाटीदार, जुगनू जादवसिंह धनावत, महेश वर्मा, दौलत पटेल, महू कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पप्पू खान, बैकुंठ पटेल, विनोद पटेल, अनूप नेता, जनपद प्रतिनिधि अशोक आंजना आदि सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे.

# कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**झाबुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत झाबुआ (भूतपूर्व नेहरू युवा केंद्र) के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ में एनएसएस के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी, वक्ता में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण अधिकारी विजय ढाकिया, जिपं के लेखाधिकारी मनोज सोलंकी, कन्या महाविद्यालय से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रो. डॉ. प्रीति त्रिपाठी तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य कार्यालय से आयुष्मान सहायक गौरव वर्मा तथा श्रीमती विद्या विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।**



कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। पश्चात् अतिथियों का स्वागत किया गया। जिला युवा अधिकारी प्रीति ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में युवाओं से वार्तालाप करते हुए ढाकिया ने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। जिसमें पीएम इंटर्नशिप स्कीम, जिसका उद्देश्य शीर्ष 500 कंपनियो में युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करना है। इसके बाद विश्वकर्मा योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण, 500 रू. दैनिक भत्ता और 15000 रुपए की टूलकिट प्रदान की जाती है। वर्मा ने आयुष्मान भारत योजना के बारे में बताया कि यह भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है, जिसे वर्ष 2018 में आरंभ किया गया है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों, बीपीएल धारक को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना है। इसके अंतर्गत आने वाले प्रत्येक परिवार को 5 लाख तक का केश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।

**सद्भावना दिवस के बारे में युवाओं से की चर्चा**

मनोज सोलंकी ने युवाओं को जागरुक करते हुए कहा की योजनाएं तो बहुत लागू होती है, किंतु योजना का उचित क्रियान्वयन होना भी जरूरी है। उन्होने युवाओं को बताया कि वह कैसे सूचना के अधिकार के तहत किसी भी विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डॉ प्रीति त्रिपाठी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ प्रतिवर्ष 20 अगस्त को मनाए जाने वाले सद्भावना दिवस के बारे में युवाओं से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी ने अतिथियों एवं वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत केंद्र झाबुआ से लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रिमी यादव, स्वयंसेविका सीता भूरिया एवं रानी परमार आदि उपस्थित थीं।

# कार्यक्रम में जानकारी देकर रक्तदान हेतु किया प्रेरित



झाबुआ। दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में प्राचार्य प्रो. पीके उछावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य उछावर द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समस्त स्टॉफव कर्मचारियों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम अपने छोटे-छोटे दायित्व निभाकर भी देश सेवा कर सकते हैं, रक्तदान इनमें से एक है।

सर्वप्रथम झाबुआ में रक्तदान की आवश्यकता और प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित कर स्थानीय ब्रह्मकुमारी आश्रम द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर की जानकारी देकर रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी डॉ. भूरसिंह निगवाल ने इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए एनएसएस के स्वयं सेवकों का प्रेरित किया। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पूजा बघेल ने मातृ भूमि को स्वर्ग बनाने का आह्वान करते हुए विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत के मिसाइल मेन महापुरुषों के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री लघु फिल्में दिखाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार परसेंडिया सहित समस्त स्टॉफएवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



# पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के चतुर्थ दिवस प्रारंभ हुआ कल्पसूत्र का वाचन

### *कावड़िया परिवार ने वोहराया शास्त्र*

**मेघनगर। नगर के स्थानीय श्री राजेंद्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर परिसर में श्री सौधर्म बृहद तप्पोगच्छिय श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक त्रिस्तुतिक श्रीसंघ में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के चौथे दिन दिनांक 23 अगस्त को कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन प्रारंभ हुआ।**

महापर्व आराधना करवाने आए धर्मोत्तेजक परिषद के वीर सैनिक अभिषेक बोराना (रतलाम), कौशिक शाह (अहमदाबाद), एवं राज संघवी (अहमदाबाद) को कल्पसूत्र शास्त्र अष्टप्रकारी पूजन एवं आरती के पश्चात वोहराया गया। अष्टप्रकारी पूजन, आरती एवं शास्त्र वोहराने का लाभ श्रीमती स्नेहलता मनोहलालजी कावड़िया परिवार ने लिया। वीर सैनिकों ने कल्पसूत्र वाचन में बताया कि इस शास्त्र में 24 तीर्थंकर परमात्मा का जीवन चरित्र आदि का वर्णन किया गया।



# झाबुआ की मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी का किया गठन

**झाबुआ।** विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल की जिला बैठक पैलेस गार्डन पर संपन्न हुई। जिसमें विहिप महिला इकाई की जिला संयोजिका संगीता त्रिवेदी ने संगठन में मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी का गठन किया। मातृ शक्ति के रूप में झाबुआ प्रखंड की संयोजिका प्रिया त्रिवेदी, सह-संयोजिका रूचिका चौहान एवं कुंता सोनी, सत्संग प्रमुख शीतल जादौन, बाल संस्कार केंद्र प्रमुख योगिता पांडे, सेवा प्रमुख भारती राठौर, झाबुआ नगर संयोजिका अनुजा चौहान, सह-संयोजिका नीतू सिकरवार, सेवा प्रमुख अनिता पंवार को मनोनीत किया। दुर्गा वाहिनी में संयोजिका सलोनी सोनगरा, सह-संयोजिका सोनी निनामा, बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पायल पंवार, विद्यार्थी प्रमुख चेतना बृजवासी, शक्ति साधना केंद्र प्रमुख ईशा चौहान को बनाया गया। नव-मनोनीन मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी को बैठक में अतिथि के रूप में उपस्थित विहिप के रतलाम विभाग मंत्री सौरभ चतुर्वेदी एवं विभाग संयोजक विनोद शर्मा के साथ समस्त जिला पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की।-

# श्री रामदेव भगवान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**झाबुआ।** शहर के जिला चिकित्सालय मार्ग स्थित श्री बाबा रामदेव मंदिर में श्री रामदेव भगवान के जन्म महोत्सव पर 25 अगस्त को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा मंदिर में दोपहर में महाआरती बाद शहर में भगवान की भव्य रथ यात्रा पश्चात् महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन रखा गया है। समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री रामदेव भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। 25 अगस्त को प्रात:काल भगवान का श्रृंगार, आरती-प्रसादी के बाद दोपहर 12 बजे महाआरती होगी। दोपहर 1 बजे से बैंडबाजों और ढोल-ताशों



के साथ विशेष रथ पर श्री रामदेवजी की तस्वीर विराजमान कर शहर में चल समारोह निकलेगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगा। दोपहर 2.30 से शाम 6 बजे तक महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन रखा गया है। मंदिर में दिनभर दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहेगी। भगवान के जन्मोत्सव को लेकर मंदिर पर रंग-रोगन एवं विशेष सजावट की गई है। आयोजन के शहर में जगह-जगह बेनर, होर्डिंग्स लगाए जाने के साथ समिति द्वारा भव्य प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। समिति ने सभी धार्मिक आयोजनों में भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।

**एक नजर** | **अंचल में डिजिटल शिक्षा की रोशनी...**

# 50 स्कूलों में लगाए जा रहे स्मार्ट क्लास एवं सोलर पैनल

**झाबुआ।** शिक्षा को आधुनिक बनाने और आदिवासी अंचल के बच्चों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया गया है। जिले की 50 शासकीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित की जा रही है। साथ ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। यह कार्य एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग और थर्ड प्लानेट फाउंडेशन के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। झाबुआ आदिवासी बहुल जिला होने के साथ केंद्र सरकार की आकांक्षी जिलों की सूची में भी शामिल है। यहां शैक्षिक स्तर को सुधारने और बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की चुनौती लंबे समय से बनी हुई है। ऐसे में यह पहल जिले के लिए अत्यंत



प्रभावशाली मानी जा रहीं है। इस परियोजना अंतर्गत स्कूलों को विशेष रूप से तैयार कर ऑफ्लाइन डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में जहां इंटरनेट व नेटवर्क की समस्या रहती है, वहां भी बच्चे आसानी से पढ़ सकेंगे और शिक्षक तकनीक की मद्द से पढ़ाना सरल बना सकेंगे। शिक्षा के साथ इस पहल में ऊर्जा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

विद्यालयों में सोलर पैनल लगाए जा रहे है, ताकि बिजली की समस्या वाले इलाकों में भी स्मार्ट क्लास सुचारू रूप से संचालित हो सके। इससे जिले में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पूरा कार्यक्रम जिले के शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से जिले में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा और बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। थर्ड प्लानेट फाउंडेशन के जिला समन्वयक अविनाश बारिया इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं। वे लगातार ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के साथ समन्वय बनाकर इस पहल को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।